Mahendra's Daily Current Affairs: 11.10.2020

1-New generation Anti Radiation Missile (RUDRAM) was successfully Flight tested onto a radiation target located on Wheeler Island off the coast of Odisha.

नई पीढ़ी के एंटी रेडिएशन मिसाइल (रुद्रम) का ओडिशा के तट से दूर व्हीलर द्वीप पर रेडिएशन परीक्षण किया गया।

2-Union Minister of State for Chemicals & Fertilizers and MoS (I/c) for Shipping Mansukh Mandaviya launched indigenous variety of Calcium Nitrate' & 'Boronated Calcium Nitrate' manufactured by Gujrat State Fertilizers and Chemicals - GSFC India Ltd through video Conference.

केन्द्रीय रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री और नौवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मनसुख मंडाविया ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से गुजरात स्टेट फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स - जीएसएफसी इंडिया लिमिटेड द्वारा तैयार 'कैल्शियम नाइट्रेट' और 'बोरोनेटेड कैल्शियम नाइट्रेट' की स्वदेशी किस्म को लॉन्च किया।

3-Ministry of Coal has launched the website to promote Research & Development (R&D) activities of the ministry and attract research institutes for R&D endeavors in coal sector.

कोयला मंत्रालय ने मंत्रालय की अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) गतिविधियों को बढ़ावा देने और कोयला क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास के लिए अनुसंधान संस्थानों को आकर्षित करने हेतु वेबसाइट की शुरुआत की है।

4-The institute of Pesticide Formulation Technology (IPFT) developed Bio-Pesticide Formulation for insect control in seed spice crops as safe alternative to chemical pesticides.

कीटनाशक सूत्रीकरण प्रौद्योगिकी संस्थान (आईपीएफटी) ने बीज वाले मसाले की फसलों में कीट नियंत्रण के लिए रासायनिक कीटनाशकों के सुरक्षित विकल्प के रूप में जैव-कीटनाशक विकसित किया।

5-Indian Air Force achieved a new record of the highest Skydive Landing at Khardungla Pass,Leh at an altitude of 17982 ft breakingits own earlier record.

भारतीय वायु सेना द्वारा खारदुंगला दर्रा, लेह में अपने पहले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए **17,982** फीट की ऊंचाई पर अपने लिए एक उच्चतम स्काईडाइव लैंडिंग का एक नया रिकॉर्ड बनाया गया।

6-Apurva Chandra, IAS, Secretary (Labour & Employment) launched a new facility of bulk transfer of funds and data from exempted trusts to EPFO through a single payment, during his first visit to EPFO headquarters.

सचिव (श्रम एवं रोजगार), आईएएस अपूर्व चंद्र ने ईपीएफओ मुख्यालय के अपने पहले भ्रमण के अवसर पर एकल भुगतान के माध्यम से छूट प्राप्त ट्रस्टों से ईपीएफओ को बड़ी मात्रा में निधि और डेटा के हस्तांतरण की सुविधा का शुभारम्भ किया।

7-The Department of Science & Technology (DST) and IBM India announced collaborations to scale up two DST initiatives--Vigyan Jyoti and Engage with Science (Vigyan Prasar).

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) और आईबीएम इंडिया ने डीएसटी की दो पहलों-विज्ञान ज्योति एवं एंगेज विद साइंस (विज्ञान प्रसार) को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग की घोषणा की।

8-The Norwegian Nobel Committee has decided to award the Nobel Peace Prize for 2020 to the World Food Programme (WFP) for its efforts to combatting world hunger.

नॉर्वे की नोबेल समिति ने दुनिया भर में भूख से निपटने के प्रयासों के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) को **2020** का नोबेल शांति पुरस्कार देने का फैसला किया है।

9-In major announcements, RBI Governor Shaktikanta Das proposed that the RTGS system, for real time fund transfer will become 24X7 from December 2020.

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि दिसम्बर **2020** से आरटीजीएस के ज़रिये पैसे के अंतरण की सुविधा रात-दिन उपलब्ध कराई जाएगी।

10-In Leh, Central Reserve Police Force Srinagar Sector Inspector General Ms. Charu Sinha has inaugurated prefabricated hutments for CRPF personnel.

लेह में, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल- सीआरपीएफ श्रीनगर सेक्टर की महानिरीक्षक चारू सिन्हा ने सीआरपीएफ कर्मियों के लिए आज पूर्वनिर्मित झोपड़ियों का उद्घाटन किया है।